NEED 24 NEWS
DIGITAL E-PAPER
हर खबर, हर शहर
PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577
GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT
UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714
www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:
तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में
सच की आवाज़
जन-जन की आवाज़
निडर पत्रकारिता



## अर्श हॉस्पिटल की नि:शुल्क चिकित्सा शिविर व एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ




**पितृपक्ष मेले में अर्श हॉस्पिटल का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर और एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ**

**Hari Narayan, गया।** गयाजी। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर्षेय हरिहंत फाउंडेशन के तत्वावधान में एपी कॉलोनी स्थित अर्श सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से विष्णुपद मंदिर के समीप नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है। शिविर में पितृपक्ष मेला के दौरान आने वाले तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन शनिवार को गया नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार, पूर्व डिप्टी मेयर सह स...

## डीएम ने पुछरिया में एनडीआरएफ टीम के साथ किया बाढ़ का निरीक्षण, नेपाल से पानी छोड़े जाने की सूचना



**जिलाधिकारी ने संग्रामपुर के पुछरिया में एनडीआरएफ की टीम के साथ बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया...**

**Vishal Kashyap।** संग्रामपुर के पुछरिया क्षेत्र में बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ के कारणों और तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि नेपाल की ओर से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने की आशंका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासनिक स्तर पर किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है और एनडीआरएफ की टीम पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार स्थिति पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई करें। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच...

### भागलपुर में बेली ब्रिज पे लगा,लंबा जाम



**Abhishek Kumar Pandit, भागलपुर।** भागलपुर में बेली ब्रिज बनाने से राहत मिली।सड़क पर वाहनों का लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने और यातायात सुचारू करने के प्रयास में, एक वैकल्पिक बेली ब्रिज का निर्माण किया गया है। इस नए ब्रिज के बनने से यात्रियों को कुछ हद तक राहत मिली है और आवागमन में थोड़ी आसानी हुई है। हालांकि, वैकल्पिक व्यवस्था के बावजूद, जाम की समस्या पूरी तरह से हल नहीं हो पाई है। अभी भी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

### गुनावां जैन तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए एसी भोजनालय का शुभारंभ




**Ramlakhan Kumar।** नवादा जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र गुनावां में श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को वातानुकूलित (एसी) जैन भोजनालय का शुभारंभ किया गया। भोजनालय का विधिवत उद्घाटन संजय जैन, शैलेश जैन एवं रेनू जैन ने फीता काटकर किया। इस भोजनालय का संचालन शैलेश जैन एवं संचालिका रेनू जैन द्वारा किया जा रहा है। संचालकों ने बताया कि गुणावा जैन तीर्थ क्षेत्र में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से इस भोजनालय की शुरुआत की गई है। यहां लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध शाकाहारी भोजन उचित एवं कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा। श्रद्ध...

### बांका में चोरी का आभूषण खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**Awanish Kumar।** बांका से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट बांका में चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी के पास से 10.37 किलो चांदी बरामद. 33.515 ग्राम सोना, चांदी के लॉकेट, मोतियों की माला और मोबाइल भी जब्त; बौंसी डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र में ज्वेलर्स दुकानों से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषणों की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 10.37 किलोग्राम चांदी के आभूषण और 33.515 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा चांदी के लॉकेट, मोतियों की माला, चांदी जैसा सामान और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। बाराहाट थाना परिसर में बौंसी डीएसपी इ...

### कटिहार सिविल कोर्ट के अधिवक्ता एवं राजद नेता राजीव महासेठ का निधन

**Raju Choudhary।** कटिहार सिविल कोर्ट के जाने-माने अधिवक्ता और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के प्रमुख नेता राजीव महासेठ का आज निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से स्थानीय स्तर पर शोक की लहर दौड़ गई है। राजीव महासेठ एक कुशल अधिवक्ता होने के साथ-साथ एक लोकप्रिय राजनेता भी थे। उनके निधन पर वार्ड पार्षद जिम्मी प्रकाश महतो, प्रमोद महतो, बंटी कुमार सहित कई स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने महासेठ को एक सरल, सहज और मृदुभाषी व्यक्ति बताया। उनके आकस्मिक निधन से कटिहार के अधिवक्ता समाज में अपूरणीय क्षति हुई है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में भी उनके योगदान को याद किया जा रह...

# कटिहार में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026 का भव्य आगाज! 154 स्कूलों के 1394 खिलाड़ी मैदान में दिखा रहे हैं दम-खम



**Raju Choudhary।** आज दिनांक 27.09.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वाधान में जिला स्तरीय विद्यालय बालक / बालिका अंडर-14/17/19 खेल प्रतियोगिता, 2026 का शुभारंभ अपर समाहर्त्ता, कटिहार द्वारा कोशी रेलवे फुटबॉल स्टेडियम, न्यू कॉलोनी, कटिहार में हुआ। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, कटिहार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, कटिहार, जिला कृषि पदाधिकारी, कटिहार एवं विभिन्न खेल संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस वर्ष कटिहार जिला के 154 सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के विभिन्न खेल विधा यथा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वुशु, ताईक्वांडों, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, कराटे, फुटबॉल, बॉक्सिंग इत्...

# नवादा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, 20 वर्षीय युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल




**Ramlakhan Kumar।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के साहपुर गांव के पास शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार हाईवे ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में 20 वर्षीय रोशन कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, उसके दो साथी भोला कुमार (18) और गौतम कुमार (16) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रोशन कुमार अपने दोनों दोस्तों के साथ भदोखरा गांव से नवादा बाजार लौट रहा था। इसी दौरान साहपुर गांव के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि रोशन कुमार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल था...

# आरा के मैनपुरा गांव के पास 20 वर्षीय युवक सोनू सिंह की गोली मारकर हत्या




**आरा के धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव के पास 20 वर्षीय युवक सोनू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस...**

**Bishnu mishra।** बिहार के आरा जिले में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां धोबहा थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव के पास 20 वर्षीय युवक सोनू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना आज, 27 सितंबर 2026 को हुई, जिसने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर गौर कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। इस घटना के बाद मैनपुरा गांव और आसपास के इलाकों में लोगों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय निवासी इस जघन्य अपराध के अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं। पुलि...

# प्रखंड मुख्यालय राजापाकर के सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी डाक्टर सूर्य प्रताप सि के अध्यक्ष ता मे प्रखंड के सभी विकास मित्रों की बैठ क



**Rajendra Kumar Singh।** वही बैठक मे बताया गया की सेवा हेतू शिविर मे केंद्र सरकार की सभी 26योजनाओ की जानकारी देना है एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से आम जनता को अवगत कराना है।

## नवादा में NH-20 फ्लाईओवर पर खतरनाक गड्ढा, हादसे की आशंका, सुरक्षा पर सवाल



**Ramlakhan Kumar।** नवादा। नवादा शहर के सद्भावना चौक के ऊपर बने रजौली-बख्तियारपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (NH-20) के फोरलेन फ्लाईओवर पर एक बड़ा और खतरनाक गड्ढा वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। सद्भावना चौक से बुधौल बस स्टैंड की ओर जाने वाले फ्लाईओवर के बीचों-बीच बने इस गड्ढे की गहराई लगभग 4 से 6 इंच, लंबाई 3 फीट और चौड़ाई 15 से 20 इंच बताई जा रही है। फोरलेन पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के लिए यह गड्ढा अचानक सामने आने पर नियंत्रण खोने का कारण बन सकता है, जिससे बड़े हादसे की आशंका है। स्थानीय वाहन चालकों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि खासकर छोटे पहिए वाले वाहन इस गड्ढे में गिरने से असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा सकते हैं या अन्य वाहनों की चपेट में आ सकते...

## झारखंड के जंगल में 26 वर्षीय महिला का शव मिलने का मामला: बेटे की चाहत और प्रेम प्रसंग के शक में पति समेत दो गिरफ्तार




**Ramlakhan Kumar, पटना।** पटना: खीरी मोड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली 26 वर्षीय नीतू देवी की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके पति गणेश यादव और एक कथित साथी निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गणेश यादव नीतू को नया घर दिखाने के बहाने अपने साथ ले गया था, जिसके बाद उसका शव झारखंड के एक जंगल से बरामद किया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नीतू को ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये लाने के लिए लगातार दबाव बनाया जाता था और उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। नीतू की दो बेटियां थीं। पुलिस जांच में हत्या के पीछे बेटे की चाहत और पति के किसी अन्य महिला के साथ कथित प्रेम प्रसंग के एंगल से भी जांच की जा रही है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले के सभी पह...

## शिक्षक समाज की समस्याओं और अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने की जरूरत: डॉ. दिव्या ज्योति

**Ramlakhan Kumar।** नवादा, 27 सितंबर 2026। जन सुराज की ओर से नवादा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति ने कहा कि शिक्षक समाज बिहार की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षकों की समस्याओं, उनके सम्मान और अधिकारों की आवाज को और अधिक मजबूती से उठाने की आवश्यकता है। डॉ. दिव्या ज्योति, जिन्हें जन सुराज ने 20 सितंबर को अपना प्रत्याशी घोषित किया था, ने कहा कि जिस प्रकार बांकीपुर में बदलाव की लहर उठी है, उसी प्रकार पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भी बदलाव की आवाज को और प्रबल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को केवल चुनावी चर...

## दिल्ली से नारदीगंज के तीन लापता बच्चे सकुशल बरामद, पुलिस की तत्परता से परिजनों को मिली राहत

**Ramlakhan Kumar।** नवादा। नारदीगंज थाना क्षेत्र के मधुवन गांव से तीन दिन पूर्व लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने शुक्रवार को दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों की बरामदगी के बाद उन्हें नारदीगंज थाना लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मधुवन गांव निवासी तीन बच्चों के लापता होने की सूचना परिजनों द्वारा आवेदन के माध्यम से पुलिस को दी गई थी। लापता बच्चों में साजन कुमार (13 वर्ष), पिता सूलोमान जी, विकास कुमार उर्फ गुंजर (13 वर्ष), पिता मिथिलेश मांझी तथा भोला भोथा कुमार उर्फ लक्ष्मण कुमार, पिता धनेंद्र मांझी शामिल थे। बताया गया कि तीनों बच्चे घर से पास के जंगल मे...

# नरहट में अवैध बालू कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, दो बालू लदे ट्रैक्टर जब्त




**Ramlakhan Kumar।** नवादा, रविवार। नरहट थाना क्षेत्र के खनवां गांव में रविवार को खनन विभाग और नरहट थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम ने अवैध बालू खनन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। इस संयुक्त छापेमारी का नेतृत्व खनन निरीक्षक और नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान, पुलिस और खनन विभाग की टीम ने अवैध रूप से बालू से लदे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को थाना लाया गया है और उनके खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि अवैध खनन और बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कि...

## जमुई में 1117 लीटर विदेशी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार



**Ramlakhan Kumar।** जमुई में उत्पाद विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1117.440 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। यह शराब 125 पेटियों में कुल 32,016 बोतलों में रखी हुई थी। यह बरामदगी मल्लेपुर थाना क्षेत्र के कटोना ऐसहेत गिधौर-जमुई मुख्य मार्ग पर हुई। इस कार्रवाई के दौरान, उत्पाद विभाग की टीम ने शराब से लदे एक मालवाहक वाहन (BR-11 GF 9077) को भी जब्त किया। मौके से तीन आरोपियों, धीरज कुमार, नितिन कुमार और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह शराब की खेप धनबाद से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थी। विभाग ने बरामद शराब और वाहन को जब्त कर लिया है और गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की क...

## कटिहार में 24 घंटे के भीतर ताबड़तोड़ एक्शन: पुलिस पर हमले के 3 आरोपियों समेत 76 गिरफ्तार, भारी मात्रा में विदेशी शराब व गांजा बरामद!

**Raju Choudhary।** कटिहार, 27 सितंबर: कटिहार पुलिस ने अपराध और नशा तस्करों के खिलाफ जिले में सघन अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस पर हमले के आरोपियों समेत शराब व मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरारी पुलिस (पुलिस पर हमले के आरोपी गिरफ्तार): बरारी थाना पुलिस ने पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद 3 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। कोढ़ा पुलिस (लकड़ी की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़): कोढ़ा थाना पुलिस ने बड़ागाड़ स्कूल के पास से एक तीन पहिया जुगाड़ गाड़ी में लकड़ी के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 302 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की। मौके से भाग रहे तस्कर अब्दुल...

## मोकामा प्रखंड के पंचमहला थाना क्षेत्र के बाहापर गांव में नाली विवाद में खूनी संघर्ष एक महिला कि हुई मौत



**Awanish Kumar।** मोकामा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट मोकामा में नाली के पानी और रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष, महिला की मौत; चार घायल, चार आरोपी हिरासत में, घंटों जाम रहा NH-80 मोकामा, पटना मोकामा प्रखंड के पचमहला थाना क्षेत्र के बाहापर गांव में नाली के पानी और रास्ते को लेकर चल रहा पुराना विवाद शनिवार देर शाम खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद एक पक्ष के लोगों द्वारा घर पर हमला किए जाने की घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मृतका की पहचान शांति देवी, पत्नी रामस्वरूप शर्मा के रूप में हुई है। घटना में आरती देवी, फूलों देवी, महेश मिस्त्री और दीपुल शर्मा घायल हुए हैं। घायलों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। स...

## बाकरपुर पंचायत सरकार भवन परिसर मे भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ वैशाली दक्षिणी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

**Rajendra Kumar Singh।** इस संबंध मे जानकारी देते हुए भाजपा प्रखंड अध्यक्ष माधवी सिंह ने बताया कि शिविर मे हाजीपुर के सुप्रसिद्ध डाक्टर उपस्थित होकर महिला पुरूष के विभिन्न जांच कर चिकित्सा करेगे।शिविर मे जेनरल चेक अप ब्लड सुगर, ब्लड प्रेशर जांच सहित विभिन्न जांच किये जाएगे ।शिविर मे हाजीपुर के डाक्टर कामिनी चौधरी, डा,अमित कुमार, राजीव सिह,,सिद्धार्थ शंकर, रोहित सिह,डाक्टर रवि गुप्ता, डा,साधना आनंद, निशा शुक्ला उपस्थित होगे।कार्यक्रम 9बजे सुबह से प्रारंभ होगा जो 2 बजे तक चलेगा शिविर मे आकर निशुल्क जांघ एव विशेषज्ञ डा, से परामर्श लेकर जांच कराबे।

## 'मेरे सपनों का भारत' में बच्चों ने भरे कल्पनाओं के रंग, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को



**Satveer Singh।** अरवल। 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' अभियान के तहत शनिवार को जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा को कागज पर रंगों के माध्यम से उकेरते हुए अपने सपनों के भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। किसी ने विकसित भारत की परिकल्पना को चित्रों में उतारा तो किसी ने सेवा, राष्ट्र निर्माण और बेहतर समाज का संदेश दिया। जिला प्रशासन के अनुसार, अभियान का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के साथ उनमें राष्ट्र निर्म...

## नवादा में महिला से नशाखुरानी, मोबाइल व सोने के जेवर लूटकर बदमाश फरार




**नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र में एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने के बाद उसके मोबाइल फोन औ...**

**Ramlakhan Kumar।** नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र में नशाखुरानी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पिपरा पोखर गांव निवासी कृति कुमारी ने पुलिस को दिए लिखित बयान में बताया कि वारसलीगंज बस स्टैंड पर दो युवक उससे मिले। उन्होंने पहले किराये के पैसे मांगे, फिर एक युवक ने भूखा बताकर खाने के लिए पैसे मांगे। महिला द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर दोनों युवक उसे बातों में उलझाकर हनुमान नगर जाने वाली गली स्थित एक मकान तक ले गए। पीड़िता के अनुसार, वहां दोनों युवकों ने उसे एक प्लास्टिक की वस्तु दी और रुमाल जैसा कुछ चेहरे पर रख दिया, जिससे वह अचेत हो गई। होश आने पर महिला ने पाया कि उसका मोबाइल फोन, सोने की कान की बाली और सोने की अंगूठी गायब है। आरोपियों ने उसे एक टोट...

## नवादा में बर्णवाल नवयुवक संघ का गठन, देवेंद्र चंद्र बने नए अध्यक्ष



**Ramlakhan Kumar।** नवादा में बर्णवाल नवयुवक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बर्णवाल सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से देवेंद्र चंद्र को संघ का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह गठन बर्णवाल युवा मंच के बैनर तले हुआ, जिसका उद्देश्य समाज के युवाओं को संगठित करना है। नई गठित कमेटी में कई महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया है। आलोक कुमार मिट्ठू को उपाध्यक्ष, संजीत कुमार को सचिव, प्रह्लाद जी को उपसचिव, अजीत कुमार को कोषाध्यक्ष और आनंद कुमार को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, जयप्रकाश जी को मीडिया प्रभारी, रौशन जी को उप मीडिया प्रभारी, स्वतंत्र जी को योग शिक्षक, सुभाष जी को संगठन मं...

## नवादा पुलिस ने पर्व-त्योहारों के मद्देनजर अश्रुगैस व वाटर कैनन से मॉक ड्रिल कर कसी सुरक्षा की कमर



**Ramlakhan Kumar।** आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए नवादा पुलिस पूरी तरह सतर्क है। किसी भी विशेष परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों के तहत रविवार, 27 सितंबर 2026 को पुलिस केंद्र नवादा में अश्रुगैस एवं वाटर कैनन का मॉक ड्रिल कराया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में भीड़ नियंत्रण, अश्रुगैस के इस्तेमाल और वाटर कैनन के संचालन का आवश्यक अभ्यास कराना था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस बल द्वारा त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। संवेदनशील क्...

## भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर: जगदीशपुर के पूर्व SDPO की नई पोस्टिंग, सुशील कुमार बने नए SDPO



**Bishnu mishra।** भोजपुर जिले में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर का मामला अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में आरोपी बनाए गए तत्कालीन जगदीशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) राजेश कुमार शर्मा की नई पोस्टिंग मद्य निषेध विभाग में की गई है। यह नियुक्ति इस संवेदनशील मामले के बीच हुई है। इस बीच, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। सुशील कुमार को आरा सदर-1 के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में पुलिसिंग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। यह प्रशासनिक बदलाव जिले में चल रहे महत्वपूर्ण एनकाउंटर मामले के संदर्भ में देखा जा रहा है। अधिकारियों के स्थानांतरण...

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुनी 'मन की बात', प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेशों की सराहना की

**Ramlakhan Kumar, पटना।** मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोकसेवक आवास स्थित नेक संवाद सभागार में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें संस्करण के लाइव प्रसारण में भाग लिया और उसे सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रेरक संवाद के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों, सामाजिक पहलों तथा जनभागीदारी से जुड़े प्रयासों को सामने लाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार सदैव राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करते हैं। उनके संदेशों में देश...

## नवादा में "आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा पंचायत" थीम पर ग्राम सभाओं का आयोजन, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी

**Ramlakhan Kumar।** नवादा। बिहार सरकार की एक अभिनव पहल के क्रम में, जिले की सभी पंचायतों में 26 सितंबर 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाले पंचायत विकास दिवस का हिस्सा था। इस माह की ग्राम सभा की थीम "आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा पंचायत" निर्धारित की गई थी, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करना था। जिला पदाधिकारी नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने अत्यंत सक्रियता और उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान, ग्रामीणों ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक प्रयासों से समाज में आए सकारात्मक ब...